



# करोड़ों की संपत्ति, हजारों लीटर शराब जब्त

**▶ अवैध शराब माफिया पर पुलिस का बड़ा प्रहार**



**नवभारत न्यूज**

**नर्मदापुरम, 18 मई. जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ा अभियान चलाते हुए शराब माफियाओं के नेटवर्क पर करारा वार किया है. जिलेभर में की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई में हजारों लीटर अवैध शराब, वाहन और करोड़ों रुपये की संपत्ति जब्त की गई है. पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं.**

जिला पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अब तक 18 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 29 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. कार्रवाई के दौरान 4,859 लीटर अवैध देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 38.47 लाख रुपये बताई गई है.

पुलिस ने शराब तस्करी में इस्तेमाल हो रहे 9 चारपहिया और 5 दोपहिया वाहन भी जब्त किए हैं. इन वाहनों की अनुमानित कीमत लगभग 42.15 लाख रुपये आंकी गई है. इस प्रकार पूरी कार्रवाई करोड़ों रुपये के अवैध नेटवर्क पर बड़ी चोट मानी जा रही है.

जिले के इटारसी, बनखेड़ी, कोतवाली, केसला, पिपरिया, शिवपुर, सिवनी मालवा, पथरौटा और देहात थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर आरोपियों को पकड़ा गया. इसके अलावा होटल और ढाबों की जांच के दौरान अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए दो ढाबों पर भी कार्रवाई की गई. गुमास्ता एक्ट के तहत इनके लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

यह अभियान पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाया गया. पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा.

पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में कानून व्यवस्था मजबूत करने और अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है.

## पुल से सरिए चोरी, पूर्व कर्मचारी और कबाड़ी गिरफ्तार

**नर्मदापुरम.** माखननगर थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन तवा पुल से सरिए चोरी होने के मामले में पुलिस ने पूर्व कर्मचारी और एक कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है . पुल निर्माण कर रही कंपनी के इंजीनियर सतीश बघेल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी. उन्होंने देवलाखेड़ी निवासी पूर्व कर्मचारी बैनी प्रसाद उर्फ राजा कहार पर शक जताया था. इंजीनियर के अनुसार बैनी प्रसाद करीब छह महीने तक पुल निर्माण कार्य में मजदूरी कर चुका था और कुछ दिन पहले ही उसने काम छोड़ा था. शिकायत के बाद पुलिस ने बैनी प्रसाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की.माखननगर पुलिस ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में चोरी करना कबूल कर लिया. उसने बताया कि 16 मई की रात वह कबाड़ी अंशुल साहू के साथ तवा पुल पहुंचा था और वहां से ऑटो में सरिए लादकर बेच दिए थे.

# कलेक्टर ने 'जनभागीदारी सप्ताह' का किया शुभारंभ

**▶ लाभार्थी संतुष्टि शिविर 18 से 25 तक होगा आयोजन**

**हरदा, 18 मई. जिले में जनजातीय समुदायों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से 18 से 25 मई 2026 तक 'जनभागीदारी सप्ताह' के तहत लाभार्थी संतुष्टि शिविर आयोजित किए जाएंगे. सोमवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अभियान का शुभारम्भ किया. अभियान की थीम 'जनभागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले' रखी गई है.**

जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग पारूल जैन ने बताया कि 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान' और 'प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान' के अंतर्गत जिले के चयनित 103 ग्रामों में स्थित आदि सेवा केंद्रों पर शिविर लगाए जाएंगे. इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा.

शिविरों में आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, जनधन खाता, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, वन अधिकार पट्टा सहित कई योजनाओं का लाभ दिया जाएगा. स्वास्थ्य जांच, सिकल सेल मिशन और क्षय रोग जांच जैसी सेवाएं भी उपलब्ध रहेंगी. 19 से 25 मई तक ग्राम स्तर पर संतृप्ति और स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे. वहीं 20 मई को ग्राम संपर्क गतिविधि के तहत अधिकारी गांवों में पहुंचकर जनजागरूकता और जनसुनवाई कार्यक्रम करेंगे.

## गड्ढे में धंसा चार पहिया वाहन, टली दुर्घटना

**सिवनी मालवा 18 मई .** जिले की उपनगरी बानापुरा के नए बस स्टैंड पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक चार पहिया वाहन का पहिया अचानक सड़क पर बने गड्ढे में धंस गया. घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. आसपास मौजूद नागरिकों की मदद से काफी मशक्कत के बाद वाहन को गड्ढे से बाहर निकाला गया. स्थानीय लोगों ने बताया कि बानापुरा बस स्टैंड के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से बड़ा गड्ढा बना हुआ है, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है. नागरिकों का कहना है कि इससे पहले भी यहां कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया. ऐसे में सड़क पर बने गड्ढे किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं. नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते सड़क की मरम्मत कराई जाएं. ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके.

### ▶ एक नजर में



## संवाद सेतु कार्यक्रम में महिलाओं ने लिया आत्मनिर्भरता का संकल्प

**नर्मदापुरम, 18 मई.** शहर के शास्त्री वार्ड क्रमांक-1 में आयोजित लाडली बहना संवाद सेतु कार्यक्रम में महिलाओं ने स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश खंडेलवाल ने हितग्राहियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया. कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने मृत्यु प्रमाण पत्र, विधवा पेंशन, विवाह सहायता और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं. अधिकारियों ने संबंधित विभागों से समन्वय कर समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया. साथ ही महिलाओं को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई. डॉ. अखिलेश खंडेलवाल ने कहा कि स्वरोजगार ही विकास और आत्मनिर्भरता का सबसे मजबूत माध्यम है. उन्होंने महिलाओं को स्व सहायता समूहों से जुड़कर छोटे रोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने भी समूह बनाकर रोजगार गतिविधियों से जुड़ने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने का संकल्प लिया. महिलाओं ने संवाद सेतु कार्यक्रम को जनसमस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बताते हुए इसकी सराहना की. कार्यक्रम में नगर संयोजक हरि सेवारिया, वार्ड अध्यक्ष पूनम राजपूत सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं. आयोजकों ने बताया कि संवाद सेतु कार्यक्रम अब हर सप्ताह अलग-अलग वार्डों में आयोजित किया जाएगा, ताकि आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके.



## नीट पेपर लीक पर एनएसयूआई का प्रदर्शन

**सिवनी मालवा 18 मई.** नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा में राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई (ह्रस्द्ब) ने नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और केंद्र सरकार की विफलता के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया. शासकीय कुसुम महाविद्यालय के सामने आयोजित प्रदर्शन में छात्र कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया. प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एनएसयूआई पदाधिकारी और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए. छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ियां सामने आ रही हैं, जिससे लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है. उन्होंने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है. एनएसयूआई पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए. उन्होंने कहा कि यदि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की गई तो संगठन आगे भी चरणबद्ध आंदोलन करेगा. प्रदर्शन के अंत में छात्र नेताओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की.

# पिपरिया में बढ़ते अपराधों पर कांग्रेस चिंतित

**नर्मदापुरम, 18 मई. जिले के पिपरिया शहर में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा से मुलाकात कर कानून व्यवस्था पर चिंता जताई. जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में लगातार हो रही घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की.**



प्रतिनिधिमंडल ने एसपी को बताया कि पिछले एक सप्ताह से पिपरिया में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है. कांग्रेस नेताओं ने पुलिस प्रशासन से शहर में गश्त बढ़ाने, अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने और कानून व्यवस्था मजबूत करने की मांग की.

इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी हरीश बेमन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र दुबे, कांग्रेस नेता कमलेश चौधरी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश बाथरे, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार, अतुल तिवारी, मंजुलमणि ढिमोले और जितेंद्र गोरेले सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे. जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल रैकवार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने शहरवासियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग पुलिस प्रशासन से की है.

## महिला से मारपीट, दो लोगों पर केस दर्ज

**इटारसी, 18 मई.** पुरानी इटारसी के ट्रैक्टर स्कीम क्षेत्र में पानी भरने जैसी सामान्य बात को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि मामला मारपीट और जानलेवा धमकी तक पहुंच गया. पुलिस ने महिला की शिकायत पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. फरियादिया सुनीता यादव 47 वर्ष, निवासी ट्रैक्टर स्कीम जो पुरानी इटारसी में श्रृंगार ब्यूटी पार्लर संचालित करती हैं, ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह करीब 7:30 बजे नल पर पानी भरने की बात को लेकर विवाद हुआ था. विवाद के दौरान आरोपी सरिता केवट और कनिष्क केवट ने सुनीता को अपशब्द कहे.

# संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में किसानों की समस्याओं पर मंथन

**▶ किसानों ने दी 21 मई से आंदोलन की चेतावनी**

**सिवनी मालवा, 18 मई. जिले के कृषि उपज मंडी स्थित कृषक भवन बानापुरा में संयुक्त किसान मोर्चा और विभिन्न किसान संगठनों की बैठक आयोजित हुई. बैठक में किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए 21 मई से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई.**

बैठक में भारतीय किसान यूनियन, राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ और क्रांतिकारी किसान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया. किसानों ने गेहूं स्लॉट बुकिंग में आ रही दिक्कतें, समितियों द्वारा खरीदे गए अनाज का परिवहन नहीं होने और गेहूं-चना का समय पर भुगतान नहीं मिलने जैसी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं. इसके अलावा खाद वितरण में अव्यवस्था, सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिलना, अघोषित बिजली कटौती और मूंग की सरकारी खरीदी में देरी को लेकर भी किसानों ने नाराजगी जताई. किसान ने कहा कि पहले इन समस्याओं को लेकर कलेक्टर से चर्चा की जाएगी.



# गैस कालाबाजारी पर होगी सख्ती : कलेक्टर

**▶ शिकायतों की अनदेखी पर कटेगी तनख्वाह**

**▶ उपभोक्ताओं को देना होगा जल कर**

**हरदा , 18 मई. जिले में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने रसोई गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी और घरेलू गैस के व्यवसायिक उपयोग पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. सोमवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और किसी भी स्तर पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी.**



कलेक्टर ने निर्देश दिए कि केटरर्स की बैठक बुलाकर उन्हें सार्वजनिक आयोजनों में केवल व्यवसायिक गैस सिलेण्डर उपयोग करने के लिए ताकीद की जाए. साथ ही पेट्रोल और डीजल वितरण व्यवस्था पर भी निगरानी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो.

बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सख्त चेतावनी दी कि जिस अधिकारी के स्तर पर शिकायत अनअटेंडेड पाई जाएगी, उसका एक दिन का वेतन काटा जाएगा. उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए.नर्मदा नदी के जोगा और हंडिया घाट पर संचालित नावों में सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए.

# एक घंटे में पुलिस ने खोज निकाला महिला का पर्स

**▶ करीब 2 लाख 70 हजार रुपये के सामान से भरा पर्स लौटाया**

**सिवनी मालवा 18 मई. जिलें में डायल 112 की पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए एक महिला का खोया हुआ कीमती पर्स महज एक घंटे में खोजकर वापस लौटाया. पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही की क्षेत्र में जमकर प्रशंसा हो रही है.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार सिवनी मालवा निवासी मालती साहू का बाजार जाते समय रास्ते में पर्स गिर गया था. पर्स में एक मोबाइल फोन, तीन हजार रुपये नकद तथा करीब दो तोला सोने के आभूषण रखे हुए थे, जिसकी कुल कीमत लगभग 2 लाख 70 हजार रुपये बताई जा रही है.

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 में पदस्थ पूनम बिल्लौरे तत्काल सक्रिय हो गए. उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर पर्स की तलाश शुरू की और महज एक घंटे के भीतर पर्स को खोज निकाला. पुलिस ने पर्स में रखा पूरा सामान सुरक्षित महिला को वापस सौंप दिया. अपने खोए हुए सामान को वापस पाकर महिला ने पुलिस का आभार व्यक्त किया. वहीं क्षेत्र के लोगों ने पुलिस की तत्परता और ईमानदार कार्यशैली की सराहना की.

# फर्जी बिजली कर्मचारी बनकर वसूली

**इटारसी, 18 मई. ठगी के नए-नए तरीकों के बीच अब ग्रामीण इलाकों में 'फर्जी बिजली कर्मचारी' बनकर अवैध वसूली करने का एक गंभीर मामला सामने आया है.**

केसला थाना क्षेत्र के ग्राम नदीपुरा और जालीखेड़ा में भोले-भाले ग्रामीणों को झांसा देकर उनसे बिजली बिल के नाम पर पैसे ऐंठने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने शिकंजा कसा है. पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सतीश कुशवाह निवासी डुडुगांव, सिवनी मालवा ने बिजली विभाग का कर्मचारी बनकर ग्रामीणों के साथ छल-कपट किया. आरोपी ने ग्रामीणों को बिजली कटने का डर दिखाया और बिल वसूली के नाम पर उनसे 7300/- रुपये की राशि धोखाधड़ी से वसूल कर ली.

# अंतर जिला चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

**▶ माखननगर पुलिस को चोरी वारदात में मिली सफलता**

**माखन नगर, 18 मई.** माखननगर पुलिस ने जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरजिला चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद किया है. पुलिस अधीक्षक साईकृष्णा एस. थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन तथा एसडीओपी संजू चौहान के मार्गदर्शन में माखननगर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया.गिरफ्तार आरोपी शेरू खान पिता रमजान अली उ निवासी ग्राम चेनपुर थाना बाड़ी जिला रायसेन के खिलाफ बाड़ी व आसपास के थानों में 15 से अधिक अपराध दर्ज हैं. माजिद पिता सलमान खान निवासी सिलवानी के खिलाफ रायसेन एवं भोपाल के विभिन्न थानो मे 30 से अधिक अपराध दर्ज हैं. आसिफ पिता आशिक खान उम्र निवासी ग्राम चेनपुर थाना बाड़ी जिला रायसेन के खिलाफ बाड़ी एवं आसपास के थानों में 35 से अधिक अपराध दर्ज हैं.

## प्रेक्षक 22 से 26 तक जिले के प्रवास पर रहेंगे

**हरदा, 18 मई.** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2026 के पर्यवेक्षण हेतु सेवा निवृत्त भा.प्र.से. अधिकारी डी.डी. अग्रवाल को हरदा जिले का प्रेक्षक नियुक्त किया गया है. प्रेक्षक श्री अग्रवाल का मोबाइल नम्बर 9425165887 है.

**टूरिज्म ▶ श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ कुंड का जलस्तर भी बढ़ता जाता है**

# पाताल गंगा बन रही है नया पर्यटन स्थल

**नर्मदापुरम, 18 मई. जिले में 'एक जिला एक उत्पाद' पहल के तहत मध्यप्रदेश टूरिज्म और जिला प्रशासन लगातार नए पर्यटन स्थलों को विकसित करने में जुटे हैं. इसी कड़ी में मढ़ई और सेमरी हरचंद क्षेत्र के बीच स्थित पाताल गंगा (कुंड) अब प्रकृति प्रेमियों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रही है.**



सोहागपुर तहसील के सेमरी हरचंद क्षेत्र में सतपुड़ा के घने जंगलों के बीच स्थित यह स्थान सिद्ध बाबा मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है. मंदिर परिसर के समीप स्थित पवित्र पाताल गंगा कुंड अपनी रहस्यमयी विशेषताओं और धार्मिक मान्यताओं के कारण लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है. स्थानीय लोगों के अनुसार इस कुंड में पूरे वर्ष जल भरा रहता है और कभी सूखता नहीं है. मान्यता है कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ कुंड का जलस्तर भी बढ़ता जाता है.

लोगों का विश्वास है कि इस पवित्र जल में स्नान करने से त्वचा संबंधी रोगों में लाभ मिलता है. यहां वर्षों पहले मिले पुरातात्विक महत्व के पत्थर के दो नंदी भी स्थापित किए गए हैं. मंदिर परिसर में भगवान शिव और देवी मंदिर भी बनाए गए हैं. श्रद्धालुओं में यह मान्यता भी प्रचलित है कि यहां गोबर के हाथे लगाने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. मढ़ई वन्यजीव अभयारण्य से करीब 40 से 50 किलोमीटर दूर स्थित यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, शांति और आध्यात्मिक वातावरण का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है. सेमरी हरचंद नर्मदापुरम मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर और सोहागपुर से 15 से 16 किलोमीटर दूर स्थित है, जिससे यहां पहुंचना आसान है. जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन ने बताया कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाओं को विकसित करने के लिए लगातार नए स्थलों की पहचान की जा रही है. जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर के अनुसार पाताल गंगा प्रकृति और आध्यात्म का अद्भुत स्थल है.

## खिलाड़ियों को मिला बहुआयामी प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम, 18 मई.** पुलिस लाइन वेलफेयर भवन में आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 'आरोह 2026' में खिलाड़ियों को खेल के साथ विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा के मार्गदर्शन में चल रहे इस शिविर में करीब 100 खिलाड़ी प्रतिदिन हिस्सा ले रहे हैं. शिविर में खेल विभाग की कोच रोशनी सोनकर खिलाड़ियों को खेल प्रशिक्षण दे रही हैं, जबकि तरूणा सावले मेहंदी पेंटिंग सिखा रही हैं. मनीष तमांग द्वारा डांस प्रशिक्षण और हेड कांस्टेबल जयश्री रैकवार व अथर्व राज ककोडिया द्वारा कबड्डी का अभ्यास कराया जा रहा है.

# बिना अनुमति चल रहे अवैध अहाते

**▶ राहगीरों, महिलाओं और व्यापारियों को हो रही परेशानी**

**सिवनी मालवा, 18 मई. बानापुरा क्षेत्र में शराब दुकानों पर आबकारी नियमों की अनदेखी के आरोप सामने आए हैं. स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि कई वाइन शॉप पर बिना अनुमति आहाते जैसी व्यवस्था बनाकर खुलेआम लोगों को बैठाकर शराब पिलाई जा रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ रहा है.**




बानापुरा रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक शराब दुकान पर दुकान के दोनों ओर नेट बांधकर बैठने की व्यवस्था किए जाने की शिकायत सामने आई है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित दुकान को आहाता संचालन की अनुमति नहीं है, इसके बावजूद सुबह से देर रात तक यहां शराब पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है.

शाम के समय हालात और गंभीर हो जाते हैं. नशे में लोग शोर-शराबा और अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे राहगीरों, महिलाओं, छात्र-छात्राओं और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बड़ी संख्या में यात्री और परिवार आते-जाते हैं, लेकिन शराबियों की भीड़ के कारण लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं.

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि स्टेशन के पास स्थित शराब दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए. लोगों का कहना है कि दुकान के समीप स्कूल और मंदिर होने से सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है. साथ ही कई दुकानों पर रेट लिस्ट नहीं लगाए जाने को भी आबकारी नियमों का उल्लंघन बताया गया है. नागरिकों ने प्रशासन और आबकारी विभाग से बिना अनुमति संचालित हो रहे आहातों को हटाने, रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से लगाने और खुलेआम शराब पिलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.